दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
सत्र 2024-25
अभ्यास कार्य पत्र (2)

कक्षा: आठवीं **विषयः हिंदी**

प्र०1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :- **(अंक-5)**

साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोचते हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला मनुष्य दुनिया की सबसे बड़ी ताकत होता है तथा मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न ही अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम करते हैं।

क) साहस की जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान क्या होती है ?
अ) वह अपने स्वास्थ्य की चिंता करता है
आ) वह तमाशा देखने वाले लोगों की परवाह नहीं करता
इ) वह हमेशा खुश रहता है
ई) वह धन की चिंता करता है

ख)जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला व्यक्ति कैसा होता है ?
अ)साधारण
आ) कमजोर
इ) दुनिया की सबसे बड़ी ताकत
ई) निराश

ग) मनुष्यता को प्रकाश किससे मिलता है?
अ) साधारण व्यक्ति से
आ) अमीर व्यक्ति से
इ) क्रांतिकारी व्यक्ति से
ई) डरपोक व्यक्ति से

घ) मनुष्यता' शब्द में से मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग-अलग करके लिखिए।

ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्र०2) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **(अंक-2)**

क) लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गई ?
ख) " हम भिखमंगों की दुनिया में ,स्वच्छंद लुटाकर प्यार चले " प्रस्तुत पंक्ति का आशय स्पष्ट करें -

प्र०3) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - **(अंक-3)**

क) स्वर संधि के कितने भेद होते हैं ?
ख) संधि करें - महा + औत्सक्य =
ग) संधि विच्छेद करें - राजर्षि =